भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *528

दिनांक 01.04.2026 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण और विकास ट्रस्ट (एनएमईडीटी) के तहत निधियां और परियोजनाओं के परिणाम

*528. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः

श्री काली चरण सिंहः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण और विकास ट्रस्ट (एनएमईडीटी) के तहत एकत्र की गई कुल धनराशि और खनिज अन्वेषण परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान एनएमईडीटी के तहत अनुमोदित खनिज अन्वेषण परियोजनाओं की संख्या कितनी है और छत्तीसगढ़ एवं कर्नाटक सहित उनके राज्य-वार और परियोजना-वार वितरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या दक्षिण कन्नड़ जिले में कोई परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं और यदि हाँ, तो उनकी वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पूर्ण हो चुकी, कार्याधीन और अन्वेषण के विभिन्न चरणों में स्थित परियोजनाओं की पृथक-पृथक संख्या कितनी है;

(ङ) निजी अन्वेषण एजेंसियों की भागीदारी सहित एनएमईडीटी के तहत वर्तमान में अन्वेषण कार्यकलापों में संलग्न एजेंसियों और संस्थाओं का ब्यौरा क्या है;

(च) देश में, विशेषकर कर्नाटक में, एनएमईडीटी-समर्थित परियोजनाओं के माध्यम से पहचान किए गए या विस्तृत अन्वेषण चरण तक पहुँचाए गए खनिज ब्लॉकों की संख्या कितनी है; और

(छ) तदनंतर ऐसे कितने ब्लॉकों को नीलामी के लिए या आगे के विकास के लिए उपलब्ध कराया गया है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (छ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा और श्री काली चरण सिंह, संसद सदस्य द्वारा "राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण और विकास ट्रस्ट (एनएमईडीटी) के तहत निधियां और परियोजनाओं के परिणाम" के संबंध में दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *528 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) के दौरान राष्ट्रीय खनिज खोज और विकास न्यास (एनएमईडीटी) के अंतर्गत एकत्र की गई राशि तथा खनिज गवेषण परियोजनाओं के लिए स्वीकृत राशि का वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक 1 में दिया गया है।

(ख) पिछले पाँच वर्षों (राज्य-वार) के दौरान, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक सहित, एनएमईडीटी के अंतर्गत अनुमोदित खनिज गवेषण परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक 2 में दिया गया है।

गवेषण परियोजनाओं का विवरण **https://nmet.gov.in/**.पर उपलब्ध है।

(ग) एनएमईडीटी के अंतर्गत वित्तपोषित, दक्षिण कन्नड़ जिले के ब्लॉक 7 (बेल्थंगडी, मूडुबिदिरे और मुल्की तालुका में) और ब्लॉक 16 (मंगलुरू, मूडबिद्री, मुल्की, उल्लाला, बंटवाला, बेल्थंगडी, पुत्तूर, सुल्लिया और कदबा तालुका में) में राष्ट्रीय हवाई-भूभौतिकीय मानचित्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की 02 आधारभूत सर्वेक्षण परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया।

(घ) जी1, जी2, जी3, जी4 तथा आरएमटी चरण में 570 खनिज गवेषण परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया, जिनमें से 302 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

(ड.) एनएमईडीटी के अंतर्गत गवेषण कार्यकलाप करने वाली एजेंसियों की सूची, जिसमें अधिसूचित निजी गवेषण एजेंसियां शामिल हैं, अनुलग्नक 3 में दी गई है।

(च) और (छ) एनएमईडीटी के अंतर्गत वित्तपोषित 40 परियोजनाओं का उन्नयन किया गया है, जिसमें से 23 परियोजनाओं का जी3 चरण में और 17 परियोजनाओं का जी2 चरण में उन्नयन किया गया है। इनमें कर्नाटक में जी2 चरण पर उन्नयन की गई 01 परियोजना शामिल है। इनमें से, 08 परियोजनाओं को बाद में नीलामी के लिए उपलब्ध कराया गया जिनमें से, निकाले गए 11 ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई।

अनुलग्नक 1

पिछले पांच वर्षों के दौरान एनएमईडीटी के अंतर्गत एकत्रित निधियों और खनिज गवेषण परियोजनाओं के लिए स्वीकृत राशि का विवरण

क्र. सं.	वित्त वर्ष	एकत्रित निधि (₹ करोड़ में)	स्वीकृत राशि (₹ करोड़ में)
1	2021-22	885.60	84.39
2	2022-23	934.72	168.96
3	2023-24	950.97	148.36
4	2024-25	1,001.42	306.16
5	2025-26	1,055.45	375.43
	कुल	4,828.16	1,083.30

अनुलग्नक 2

पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक) के दौरान एनएमईडीटी के अंतर्गत अनुमोदित खनिज गवेषण परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य	परियोजनाओं की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	5
2	अरुणाचल प्रदेश	4
3	असम	15
4	छत्तीसगढ़	28
5	गुजरात	49
6	जम्मू और कश्मीर	1
7	झारखंड	28
8	कर्नाटक	29
9	केरल	4
10	लद्दाख	1
11	मध्य प्रदेश	68
12	महाराष्ट्र	37
13	मणिपुर	3
14	मेघालय	2
15	नागालैंड	2
16	ओडिशा	43
17	पंजाब	2
18	राजस्थान	44
19	सिक्किम	1
20	तमिलनाडु	14
21	तेलंगाना	22
22	उत्तर प्रदेश	6
23	उत्तराखंड	9
24	पश्चिम बंगाल	4
	कुल	421

वर्तमान में एनएमईडीटी के अंतर्गत गवेषण कार्यकलाप कर रहीं गवेषण एजेंसियों की सूची

राज्य डीजीएम/डीएमजी	
1.	असम
2.	छत्तीसगढ़
3.	गुजरात
4.	कर्नाटक
5.	महाराष्ट्र
6.	मेघालय
7.	नागालैंड
8.	ओडिशा
9.	उत्तर प्रदेश
गवेषण एजेंसी (ईए)/अधिसूचित गवेषण एजेंसियां (एनईए)	
10.	मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल)
11.	सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई)
12.	एफसीआई अरावली जिप्सम एंड मिनरल्स इंडिया लिमिटेड (एफएजीएमआईएल)
13.	झारखंड एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेईएमसीएल)
14.	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड(एचसीएल)
15.	कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लिमिटेड (केआईओसीएल)
16.	मध्य प्रदेश राज्य खनन निगम लिमिटेड (एमपीएसएमसी)
17.	ओडिशा माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएमसी)
18.	तेलंगाना राज्य खनिज विकास निगम (टीजीएमडीसी)
अधिसूचित निजी गवेषण एजेंसियां (एनपीईए)	
19.	मैसर्स भूशिल्प माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड
20.	मैसर्स क्रिटिकल मिनरल ट्रैकर्स
21.	मैसर्स एर्टनवायरो लैब प्राइवेट लिमिटेड
22.	मैसर्स एंजियोटेक कंसल्टेंट
23.	मैसर्स एनवायरोग्रीन कंसल्टेंट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
24.	मैसर्स जियोएक्सपोर प्राइवेट लिमिटेड
25.	मैसर्स जेमकोकाटी एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड
26.	मैसर्स जियो मरीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
27.	मैसर्स जियोवेल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
28.	मैसर्स हिंदमेटल एक्सप्लोरेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
29.	मैसर्स कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
30.	मैसर्स माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड
31.	मैसर्स एमएमपीएल प्राइवेट लिमिटेड

32.	मैसर्स नेचुरल रिसोर्स डिवीजन-टाटा स्टील लिमिटेड
33.	मैसर्स ओशन ड्रिलिंग एंड एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड
34.	मैसर्स पीआरबी इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
35.	मैसर्स स्टाईगर जियोसाइंस एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
36.	मैसर्स वरदान एनवायरोनेट एलएलपी
37.	मैसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
38.	मैसर्स जियो एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सॉल्यूशन